सेंट एंड्र्यूज़ सीनियर सेकेंडरी स्कॉट्स स्कूल

9वीं एवेन्यू आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज ,दिल्ली - ११००९२

सत्र: २०२५-२०२६

कक्षा: चार विषय :हिंदी पाठ :6 मैंने पर्वतों की बातें सुनी (कविता)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रश्न1 इस कविता के अनुसार पर्वतमालाएँ कौन-कौन से रंग की थी ?

उत्तर इस कविता के अनुसार पर्वतमालाएँ चटकपीली ,कत्थई , हल्की हरी , धूसर , दूधिया तथा सलेटी रंग की थी ।

प्रश्न2 सभी पर्वतमालाएँ क्या कर रहीं थीं ?

उत्तर सभी पर्वतमालाएँ अपनी-अपनी श्रेष्ठता का बखान कर रही थीं ।

प्रश्न 3 पर्वतमालाओं का विवाद बढ़ता देखकर बादलों ने क्या किया ?

उत्तर पर्वतमालाओं का विवाद बढ़ता देखकर बादलों ने बर्फ़ बरसानी शुरू कर दी ।

प्रश्न4 बाद में सभी पहाड़ कैसे हो गए ?

उत्तर बाद में सभी पहाड़ बर्फ़ से ढ़ककर सफ़ेद रंग के हो गए ।

निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए

1)विशाल- बहुत बड़ा

सामने मैदान में बरगद का एक विशाल पेड़ है ।

2)श्रेष्ठता -उच्चता ,विशिष्टता

राम ने सभी के सामने अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की ।

3)तकरार- विवाद

दोनों भाइयों में एक छोटी सी बात को लेकर बहुत बड़ी तकरार हो गई ।

4)श्रृंखला - कड़ी

क्रिकेट श्रृंखला आज से शुरू हो गई है ।